राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | सोमवार, 23 मार्च 2026 | कीमत : 1रुपए

ऑपरेशन 'प्रहार' में अवैध हथियार तस्कर गिरफ्तार, 5 देशी पिस्टल, बुलेट मोटरसाइकिल और मोबाइल जब्त

निवाली पुलिस की कार्रवाई, सिदड़ी फाटे के पास आरोपी पकड़ा, पुलिस कप्तान पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई, अन्य आरोपियों की जांच जारी



रमन बोरखड़े, बड़वानी

बड़वानी पुलिस ने ऑपरेशन 'प्रहार' के तहत अवैध हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी से 5 देशी पिस्टल, मोबाइल और बिना नंबर बुलेट जब्त की गई। निवाली पुलिस की इस कार्रवाई में कुल ?3.25 लाख का माल बरामद हुआ।

कार्रवाई का विवरण

बड़वानी पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी सफलता हासिल की गई। पुलिस कप्तान पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व व दिशा-निर्देश में हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 05 हस्तनिर्मित पिस्टल, एक मोबाइल फोन एवं बिना नंबर की रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल सहित कुल ?3,25,200 मूल्य का माल विधिवत जप्त किया गया।

घटना और गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बबर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना निवाली पुलिस ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी उप निरीक्षक रामकृष्ण लौवंशी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

दिनांक 22.03.2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पलसूद रोड, सिदड़ी फाटे के आगे बिजली ग्रिड के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

जप्त सामग्री और आरोपी की पहचान

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कृपालसिंह पिता कैलाश टकराना निवासी उंडी खोदरी, पलसूद बताया। तलाशी में 05 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल (लगभग ?75,000), एक मोबाइल फोन, बिना नंबर रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल (लगभग ?2,50,000), एक बैग एवं ?1,000 नगदी जप्त किए गए। कुल ?3,25,200 का माल बरामद हुआ।

प्रारंभिक जांच और प्रकरण

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी किसी बड़ी वारदात के उद्देश्य से अवैध हथियारों की तस्करी कर रहा था, जिसे पुलिस ने विफल किया। अन्य आरोपियों की संलिप्तता की जांच जारी है। आरोपी के विरुद्ध थाना निवाली में अपराध क्रमांक 66/2026, धारा 25(1)(ं) आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में उप निरीक्षक रामकृष्ण लौवंशी, सउनि कमलेश कुशवाह, सउनि उमाशंकर मंडलोई, प्रधान आरक्षक सुनील महाजन, प्रधान आरक्षक तरुण राठौर, आरक्षक रवि जाधव, प्रकाश ठाकुर, सुमेरसिंह एवं राजेश की सराहनीय भूमिका रही। पद्मविलोचन शुक्ल ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने वरला पुलिस थाने का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

जनोदय पंच। सेंधवा। जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं पुलिस कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के समस्त थानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को थाना वरला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्टाफ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी बीट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र की पूर्ण जानकारी रखने, आमजन से विनम्र व्यवहार करने एवं पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समयबद्ध एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने तथा सीसीटीएनएस में समस्त कार्यवाही समय पर अपलोड करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर के बंदीगृह, मालखाना, विवेचना कक्ष एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली गई, जिस पर किसी प्रकार की समस्या होना नहीं बताया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर, एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे, थाना प्रभारी वरला नारायण रावल सहित थाना वरला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



निमाड़ क्षेत्र का एकमात्र वृहद शिक्षण संस्थान समूह

सरदार पटेल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस, सेंधवा

• D.Pharma 2 Year Course
• B.Pharma 4 Year Course

योग्यता- 12वीं जीव विज्ञान/गणित विषय में उत्तीर्ण 45% अंक के साथ. अजा, अजजा, पि. वर्ग के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95846 39000, 74899 22121

कॉलेज कैंपस - ग्राम सिलदड़ एवं चाटली (सेंधवा)
सिटी ऑफिस - शिव कॉलोनी, निवाली रोड, सेंधवा

90097 22208, 98268 46868
74899 22123, 95846 39000

तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रम

B.E. CS, ME, EC, Civil, EE, Fire Tech & Safety
4 Year Course, योग्यता: 12वी उत्तीर्ण (गणित विषय)

POLYTECHNIC
ME, Civil, EE 3 Year Course, योग्यता: 10वी उत्तीर्ण

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 90099 89208, 84359 89208, 98269 33134

शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

B.P.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता: किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर

M.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता - बी.एड. / डी.एल.एड. एवं स्नातक

प्रवेश हेतु संपर्क करें...
7697889208, 74899 22125, 74899 22126, 9131779768, 95846 3900

विधि शिक्षण पाठ्यक्रम

विद्या ददाति विनयं

L.L.B. 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम
B.B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 9516489208,9826846868, 95846 39000

व्यावसायिक प्रबंधन शिक्षा पाठ्यक्रम

MBA 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
योग्यता : स्नातक किसी भी विषय में

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार

SC/ST/OBC के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95164 89208, 90099 89208